भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1003
दिनांक 08.02.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

जम्मू और कश्मीर में 'हर घर नल से जल'

1003. श्री जुगल किशोर शर्मा:
श्रीमती गीता कोडा:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जम्मू और कश्मीर, विशेषकर जम्मू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र और झारखंड विशेषकर सिंहभूम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 'हर घर नल से जल' योजना के अंतर्गत कितने लाभार्थी शामिल किए गए और अब तक कितने लाभार्थी शामिल किए जाने बाकी हैं;
(ख) क्या सरकार अभी भी इस योजना के अंतर्गत शामिल किए जाने वाले लाभार्थियों की पहचान करके योजना का विस्तार प्रत्येक गांव तक करने का प्रयास कर रही है; और
(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री राजीव चन्द्रशेखर)

(क) : भारत सरकार देश के सभी ग्रामीण परिवारों को पर्याप्त मात्रा में, निर्धारित गुणवत्ता तथा नियमित और दीर्घकालिक आधार पर सुरक्षित तथा पीने योग्य नल जल आपूर्ति के लिए प्रावधान करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस उद्देश्य के लिए, भारत सरकार ने अगस्त 2019 में राज्यों की भागीदारी में कार्यान्वित किए जाने वाले जल जीवन मिशन (जेजेएम) की शुरूआत की थी। पेयजल राज्य का विषय है और इसलिए जल जीवन मिशन सहित पेयजल आपूर्ति स्कीमों की आयोजना, अनुमोदन, कार्यान्वयन, संचालन और रख-रखाव की जिम्मेदारी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। भारत सरकार तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों की सहायता करती है।

देश में जल जीवन मिशन के शुभारंभ के बाद से ग्रामीण परिवारों के लिए नल जल की सुविधा में विस्तार करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। अगस्त 2019 में जल जीवन मिशन

की शुरूआत के समय, केवल 3.23 करोड़ (16.8%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। अब तक, 06.02.2024 तक, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, जेजेएम के तहत लगभग 11.02 करोड़ और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 06.02.2024 की स्थिति के अनुसार, देश के 19.27 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से लगभग 14.25 करोड़ (73.98%) परिवारों के पास नल जल की आपूर्ति होने की सूचना है।

इसी तरह, अगस्त 2019 में जल जीवन मिशन की घोषणा के समय, जम्मू एवं कश्मीर और झारखंड में क्रमशः 5.75 लाख (30.75%) और 3.45 लाख (5.56%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। तब से, जेजेएम के तहत, पिछले चार वर्षों में जम्मू एवं कश्मीर और झारखंड में क्रमशः 8.60 लाख तथा 27.32 लाख और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 06.02.2024 तक, जम्मू एवं कश्मीर और झारखंड में 18.72 लाख और 62.02 लाख ग्रामीण परिवारों में से जम्मू एवं कश्मीर और झारखंड में क्रमशः लगभग 14.35 लाख (76.70%) और 30.77 लाख (49.61%) परिवारों के पास नल जल आपूर्ति होने की सूचना है।

जम्मू और सिंहभूम संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत कवर किए गए जिलों में जल जीवन मिशन की वास्तविक प्रगति का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) और (ग): पूरे देश में जेजेएम की आयोजना और कार्यान्वयन के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की कार्य संपूर्णता योजना और वार्षिक कार्य योजना (एएपी) पर संयुक्त चर्चा करना और उन्हें अंतिम रूप देना, कार्यान्वयन की नियमित समीक्षा, क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और ज्ञान साझा करने के लिए कार्यशालाएं/सम्मेलन/वेबिनार, तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए बहु-विषयक टीम द्वारा क्षेत्र का दौरा करना आदि शामिल हैं। जेजेएम के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत कार्यसंबंधी दिशानिर्देश; ग्रामीण परिवारों हेतु सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायतों तथा वीडब्ल्यूएससी के लिए मार्गदर्शिका और आंगनवाड़ी केंद्रों, आश्रमशालाओं तथा विद्यालयों में पाइपगत जलापूर्ति प्रदान करने के लिए एक विशेष अभियान संबंधी दिशानिर्देश राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ साझा किए गए हैं ताकि जल जीवन मिशन की आयोजना और कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाया जा सके। ऑनलाइन निगरानी के लिए, जेजेएम-एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) और जेजेएम-डैशबोर्ड की स्थापना की गई है। सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के माध्यम से पारदर्शी ऑनलाइन वित्तीय प्रबंधन के लिए भी प्रावधान किया गया है।

*****

अनुबंध

जम्मू एवं सिंहभूम संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के तहत कवर जिलों में जल जीवन मिशन की स्थिति

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	संसदीय निर्वाचन क्षेत्र	जिला	ग्रामीण परिवारों की कुल संख्या	15.08.2019 तक नल जल कनेक्शन वाले परिवारों की संख्या	जेजेएम के शुभारंभ के बाद प्रदान किए गए नल जल कनेक्शन	आज की तारीख तक नल जल कनेक्शन वाले परिवारों की कुल संख्या	नल जल कनेक्शन प्रदान किए जाने वाले परिवारों की संख्या
जम्मू एवं कश्मीर	**जम्मू**	जम्मू	1,86,725	48,970	58472	1,07,442	79283
		साम्बा	61,713	18,676	32168	50,844	10869
		राजौरी	1,33,201	13,914	68343	82,257	50944
		रियासी	77,477	24,973	44944	69,917	7560
झारखंड	**सिंहभूम**	सरायकेला और खरसावां	1,84,191	7,226	80564	87,790	96401
		पश्चिम सिंहभूम	3,30,472	10,325	188981	1,99,306	131166